Estd. : 1960

# श्रीअरविन्द महिला कॉलेज
## पटना
(पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई)

# COLLEGE NEWS BULLETIN

Accredited Grade 'B+' by NAAC



प्रो. साधना ठाकुर
प्राचार्या
श्री अरविन्द महिला कॉलेज, पटना



डॉ. इन्द्रजीत सिंह
माननीय कुलपति
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना



श्री आरिफ मोहम्मद खां
महामहिम राज्यपाल-सह-कुलाधिपति, बिहार

वर्ष : 5 अंक : 23-28 जनवरी-जून, 2025 पटना निःशुल्क वितरण हेतु

## श्रीअरविन्द महिला कॉलेज में
# 'आचार्य शत्रुघ्न प्रसाद हिन्दी भवन' का उद्घाटन

### लक्ष्य

हमारा लक्ष्य है–

- शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक गतिविधियों की ऐसी जीवंत संस्कृति का निर्माण करना जिससे छात्राएं आत्म-विश्वासी, आत्म-निर्भर, स्वावलंबी, जिम्मेवार और सशक्त बनें।
- लोगों के सोचने का तरीका बदलना- छात्राओं को सोचने के सीमित तरीकों से मुक्त होने हेतु प्रोत्साहित करना ताकि वे नए अवसरों और चुनौतियों का सामना कर सकें।
- उच्च शिक्षा के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु छात्राओं को बाजारोन्मुख व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करना।
- छात्राओं को लचीला, अधिक गतिशील, और प्रबंधनीय बनाना, ऐसे अग्रणी नेता तैयार करना जो न केवल पेशेवर हों बल्कि मूल्यों और संस्कारों से पूरित बेहतर मनुष्य हों।

### दृष्टि

*असतो मा सद्गमय*
*तमसो मा ज्योतिर्गमय*
*मृत्योर्मा अमृतं गमय*

- यहाँ हमारा तात्पर्य मानव शरीर के अमरत्व से नहीं, बल्कि मानवीय विचारों, रिवाजों, मानवीय चिंतन और प्रशिक्षण से है, जो छात्राओं को दिया जाता है, जिसे आने वाली पीढ़ियों तक जीवित रहना चाहिए...

हमारी दृष्टि है–

- छात्राओं के मन और मस्तिष्क को प्रेरित करना, समाज के कल्याण में सहयोग देने हेतु उन्हें सशक्त बनाना, अर्थव्यवस्था की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को ढालने हेतु प्रशिक्षित करना, सांस्कृतिक नेतृत्व के लिए तैयार करना, सभी के लिए शांति, सद्भाव और समृद्धि सुनिश्चित करना और कॉलेज को पटना, बिहार के सबसे रचनात्मक और नवोन्मेषी महा- विद्यालयों में से एक बनाना-एक ऐसी संपत्ति जिसकी पटना क्षेत्र को तत्काल आवश्यकता है।

पटना/9फरवरी, 2025

राष्ट्रप्रेम, समरसता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद आचार्य शत्रुघ्न प्रसाद की कृतियों का मूल मंत्र है। वे सिद्धांत पुरुष थे और राष्ट्रीय-सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए समर्पित थे।

ये कहना है बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह का। वे श्रीअरविन्द महिला कॉलेज में आचार्य शत्रुघ्न प्रसाद के नाम पर बने हिन्दी भवन का उद्घाटन करने के बाद आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता कथाकार रणेन्द्र ने की।

अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि ऐतिहासिक उपन्यासकार शत्रुघ्न प्रसाद सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के समर्थक रहे। अपने उपन्यासों में उन्होंने भारतीय संस्कृति के शौर्य का ही गान किया है। अब तक उनके 12 ऐतिहासिक उपन्यास प्रकाशित हुए हैं।

इस अवसर पर उपस्थित विधान पार्षद प्रो. राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि आचार्य शत्रुघ्न प्रसाद ने अपने सभी उपन्यासों को इस मिट्टी में रहकर और वहाँ के लोगों के साथ जी कर लिखा है। मुख्य वक्ता के रूप में बिहार लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ. अरुण कुमार भगत ने कहा कि आचार्य जी ऐतिहासिक उपन्यासकार, कुशल प्राध्यापक एवं ध्येयनिष्ठ चिंतक थे। उन्होंने प्रायः सभी विधाओं में साहित्य लिखा, लेकिन उनकी पहचान ऐतिहासिक उपन्यासकार के रूप में बनी। उनके उपन्यासों में भारत की अस्मिता और परम्परा का साक्षात्कार होता है।

आरंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए कॉलेज की प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने कहा कि कॉलेज में पहली बार हिन्दी विभाग का पृथक भवन बनकर तैयार हुआ है और उसका नामकरण आचार्य शत्रुघ्न प्रसाद जैसे विद्वान पर किया जाना गौरव की बात है। मुझे विश्वास है कि आप सबके सहयोग से हिन्दी साहित्य का व्यापक प्रचार-प्रसार हिन्दी भवन द्वारा हो पाएगा।




### महाविद्यालय की विशेषताएँ

- नियमित वर्ग संचालन
- स्मार्टबोर्ड युक्त कक्षाएँ
- प्रबुद्ध शिक्षकगण
- व्यावसायिक पाठ्यक्रम उपलब्ध
- नामांकन व परीक्षा संबंधी कार्यों की ऑनलाइन सुविधा
- अकादमिक कैलेण्डर
- आधुनिक सुसज्जित विज्ञान प्रायोगशाला
- ओटोमेटेड लाइब्रेरी
- आधुनिक सुसज्जित ऑडिटोरियम, सभागार व सम्मेलन-कक्ष
- शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक कार्यक्रमों का नियमित संचालन
- ड्रेस कोड
- पूछताछ काउन्टर
- बहुद्देशीय काउन्टर
- आधुनिक सुविधाओं से लैस छात्रावास
- नियमित कैरियर काउन्सिलिंग
- पीयर टीचिंग सेल व प्रतियोगिता परीक्षाओं हेतु गाइडेंस सेल
- भाषिक कौशल संवर्द्धन हेतु लिंग्वा लैब
- न्यूज बुलेटिन/स्मारिका/शोध-पत्रिका का नियमित प्रकाशन
- सक्रिय एन. एस. एस. व एन. सी. सी. टीम
- विशाल खेलकूद मैदान
- सुसज्जित कॉमन रूम
- पालना घर
- जिम (व्यायामशाला) की सुविधा
- समृद्ध बोटेनिकल गार्डेन
- सौर ऊर्जा प्लांट
- रेनवाटर हारवेस्टिंग प्लांट
- वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट
- शिकायत एवं सुझाव पेटी
- दिव्यांगों हेतु रैम्प व लिफ्ट की सुविधा



संरक्षक
**प्रो. साधना ठाकुर**
प्राचार्या

मुख्य संपादक



**डॉ. शिवनारायण सिंह**
अध्यक्ष, हिन्दी विभाग

संयुक्त संपादक



**श्री गोपाल कुमार**
असि. प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग



**डॉ. प्रिया कुमारी**
असि. प्रोफेसर, हिन्दी विभाग

# प्राचार्या की कलम से...




अत्यंत प्रसन्नता के साथ कहना है कि श्रीअरविंद महिला कॉलेज का जनवरी से जून 2025 का संयुक्त न्यूज बुलेटिन आपके समक्ष प्रस्तुत है। इस अंक के माध्यम से महाविद्यालय की महत्वपूर्ण गतिविधियों, उपलब्धियों और हमारे सतत विकास के सफर को आप सभी के साथ साझा करना हमारे लिए हर्ष का विषय है।

यह संयुक्तांक हमारे लिए कई दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (NAAC) द्वारा महाविद्यालय की ग्रेडिंग की गई। सर्वप्रथम यह कि इस वर्ष हमारे महाविद्यालय के ढांचागत अवसंरचना में इजाफा हुआ है। मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत बिहार विधान परिषद् के उपनेता प्रो. राजेंद्र प्रसाद गुप्ता की विकास योजना निधि के तहत आचार्य शत्रुघ्न प्रसाद हिंदी भवन का निर्माण कार्य संपन्न कराया गया जो कि हिंदी के प्रसिद्ध ऐतिहासिक उपन्यासकार आचार्य शत्रुघ्न प्रसाद को समर्पित है।

मुझे यह कहते हुए हर्ष हो रहा है कि हमारे महाविद्यालय की छात्राएं न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में बल्कि खेलकूद, कला एवं अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। यह महाविद्यालय के प्रत्येक सदस्य की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। मैं आप सभी को इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई देती हूँ।

आइए, हम सभी मिलकर इस शैक्षणिक यात्रा को और भी ऊँचाइयों पर ले जाएं। मैं हमारे महाविद्यालय के प्रत्येक सदस्य से यह अपेक्षा करती हूँ कि वे इसी प्रकार जोश और उत्साह के साथ अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।

अंत में, मैं इस बुलेटिन की संपादकीय टीम को उनके अथक प्रयासों के लिए बधाई देना चाहूँगी, जिन्होंने इस अंक को तैयार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आप सभी के सहयोग और समर्थन के बिना यह संभव नहीं होता।

समस्त मंगलकामनाओं के साथ!

साधना ठाकुर

**प्रो॰ ( डॉ. ) साधना ठाकुर**

# Academic & Extra Curricular Activities in Our College

## (January-June 2025)










| S.No. | Date | Title of Event | Organizing Department |
|---|---|---|---|
| 1. | 26.01.2025 | Republic Day Celebration & Certificate Distribution of Sports Competition | College Admn, NCC & NSS |
| 2. | 09.02.2025 | National Seminar & Inaugural of Acharya Shatrughn Pd. Hindi Bhawan | College Admn. & Hindi Department |
| 3. | 21.02.2025 | Certificate Distribution of 2nd Batch CPBFI | Placement Cell |
| 4. | 3-8.03.2025 | Workshop on Art & Craft | Home Science |
| 5. | 08.03.2025 | International Women's Day, A Discussion on Women's Safety | NSS |
| 6. | 08.03.2025 | Educational Tour of Bapu Tower | History Dept. |
| 7. | 10.03.2025 | Inter College Cultural Competition | Cultural Committee |
| 8. | 21.03.2025 | Road safety Awareness Training Prog. | NNS |
| 9. | 24.03.2025 | Celebration of World Sparrow Day | Cultural Committee & NSS |
| 10. | 28.03.2025 | Health Check Up | Health Center |
| 11. | 09.04.2025 | National Seminar on Short Story | Hindi Dept. |
| 12. | 09.05.2025 | Workshop on First Aid & CPR | NSS |
| 13. | 16.05.2025 | Two Day National Seminar | Economics |
| 14. | 17.05.2025 | Awareness Session on Identifying Mantel illness around Us | Department of Psychology |
| 15. | 20.05.2025 | Free Blood Test Camp | Home Science |
| 16. | 31.05.2025 | Video Competition on World No Tobacco Day & World Thalassaemia Day & Women's Right and Awareness | Home Science & NSS |
| 17. | 21.06.2025 | International Yoga Day | NSS |



















## 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर द्वारा झण्डोत्तोलन किया गया



## सीपीबीएफआई के द्वितीय बैच के सफल छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित

दिनांक 21 फरवरी 2025 को कैरियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल द्वारा बजाज फिनसर्व और अपग्रेड के सहयोग से आयोजित सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन बैंकिंग, फाइनेंस एंड इंश्योरेंस (CPBFI) के द्वितीय बैच के सफल छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। यह सर्टिफिकेट प्रोग्राम 30 नवंबर 2024 से 13 जनवरी 2025 तक आयोजित किया गया था, जिसमें कुल 100 घंटे की प्रशिक्षण अवधि पूरी की गई। इस सर्टिफिकेट प्रोग्राम के अंतर्गत चार प्रमुख मॉड्यूल संचालित किए गए:- बैंकिंग, इंश्योरेंस, कम्युनिकेशन और मैनेजिंग सेल्फ।

प्रमाण पत्र वितरण समारोह के दौरान कुल 41 प्रतिभागियों में से 30 सफल छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई दी और भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उप समन्वयक श्री आदित्य भारद्वाज, प्रशिक्षक श्री ज्ञान प्रकाश, और अपग्रेड के राज्य समन्वयक श्री मोहम्मद ओजिर ने भी संबोधित किया और छात्रों को करियर में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में श्री गोपाल कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।



## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महाविद्यालय में महिला सुरक्षा और संरक्षा पर परिचर्चा का आयोजन

महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कॉलेज की एनएसएस तथा प्रेम यूथ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में महिला सुरक्षा और संरक्षा विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। छात्राओं को संबोधित करते हुए कॉलेज की प्राचार्या प्रो साधना ठाकुर ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिलमणि मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष, बिहार राज्य महिला आयोग ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं है, बल्कि यह सामाजिक बदलाव की मांग करता है। इस परिचर्चा में श्री सर्वेंद्र प्रताप सिंह, राज्य निदेशक, माय भारत, एनवाईकेएस, बिहार, अनु सिंह, इंचार्ज, महिला हेल्पडेस्क, कदमकुआं थाना, डॉ सारिका, सीनेटर, पटना यूनिवर्सिटी,डॉ. प्रेम कुमार, अध्यक्ष, प्रेम यूथ फाउंडेशन, डॉ. गीता कुमारी ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।




## Celebration of World Sparrow Day

An eventful day at Sri Arvind Mahila College, Patliputra University, Patna with the observance of Sparrow Day, Forest Day & Water Day. Students made Bird Nests, Bird feeders & most importantly shared their individual green efforts which they are already practicing at home right from water conservation, minimal carbon foot print generation, best out of waste, composting & terrace gardening, both at their villages & here in the city. It was indeed an inspiring day for all of us.



## महाविद्यालय में हेल्थ कैंप का आयोजन




श्रीअरविंद महिला कॉलेज के स्वास्थ्य केंद्र द्वारा मेडिवर्सल हॉस्पिटल के सहयोग से एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 120 छात्राओं ने भाग लिया, जहां उनकी दंत, नेत्र एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के समग्र स्वास्थ्य का मूल्यांकन कर उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान करना था।

शिविर के दौरान संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं उचित स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया गया। छात्राओं को उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम में हेल्थ सेंटर समन्वयक श्री राजीव शंकर सिन्हा, डॉ. सपना बरुआ और श्री गोपाल कुमार की विशेष भूमिका रही। स्वास्थ्य जांच में डॉ. समर्थ और डॉ. संतोष सहित मेडीवर्सल हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## 6 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

गृह विज्ञान विभाग द्वारा आर्ट एंड क्राफ्ट कौशल संवर्धन हेतु 6 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने विविध हस्तकलाओं पर प्रशिक्षण लिया।





## राष्ट्रीय लघुकथा संगोष्ठी में लघुकथाकार युगल के अवदान की चर्चा

पटना। अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच एवं श्री अरविन्द महिला कॉलेज स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में युगल के जन्मशती वर्ष पर उनके साहित्य रचना संसार पर आयोजित राष्ट्रीय लघुकथा संगोष्ठी का आयोजन अध्यक्ष हिन्दी विभाग प्रो शिवनारायण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, महाराष्ट्र के पूर्व कार्यकारी कुलपति प्रो कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि मनुष्य और समाज की संवेदनशीलता को बनाए रखने के लिए साहित्य का समृद्ध होना आवश्यक है तथा लघुकथाकार डॉ अशोक भाटिया द्वारा संपादित 'अंधेरे में गुम आदमी' पुस्तक का लोकार्पण भी किया।

पुस्तक के संपादक डॉ अशोक भाटिया ने कहा कि युगल जी लघुकथा के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान किया है । उन्होंने 350 से अधिक उत्कृष्ट लघुकथाएं लिखीं। लघुकथा कलश के संपादक योगराज प्रभाकर ने कहा कि रचनाकारों को संवेदना के साथ-साथ भाव और भाषा पर भी कार्य करने की जरूरत है। चुनार उत्तर प्रदेश निवासी अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के अध्यक्ष डॉ राम दुलार सिंह पराया ने कहा कि रचनाकार समाज को राह दिखाने वाले होते हैं। आयोजन सचिव डॉ. प्रिया कुमारी के निर्देशन में छात्राओं द्वारा उनकी लघुकथा 'पेट का कछुआ' का मंचन भी किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।




## इतिहास विभाग द्वारा बापू सभागार का भ्रमण कार्यक्रम



## महाविद्यालय में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की अंतर-महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता



महाविद्यालय में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के तत्वावधान में अंतर-महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत छात्रा वर्ग संगीत प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मंगलाचरण से हुई, जिसमें कॉलेज की प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया।

प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न महाविद्यालयों को प्रतियोगिताओं के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपना सांस्कृतिक समरसता को प्रोत्साहित करता है। यह मंच छात्राओं की प्रतिभा को निखारने और उनके आत्मविश्वास को सशक्त करने में सहायक सिद्ध होता है।

प्रतियोगिता में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय से आठ महाविद्यालयों की छात्राओं ने भाग लिया - (1) श्री अरविंद महिला कॉलेज, पटना, (2) कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एंड साइंस, (3) जे. डी. विमेंस कॉलेज, (4) आर. के. डी. कॉलेज, (5) आर. एल. एस. वाई. कॉलेज, (6) टी. पी. एस. कॉलेज, (7) एल. पी. शाही कॉलेज एवं (8) नालंदा कॉलेज

प्रतियोगिता में शास्त्रीय गायन, लोकगीत एवं गजल/भजन (एकल एवं समूह वर्ग) की शानदार प्रस्तुतियां हुईं, जिनमें संगीत का सौंदर्य, भावनात्मक गहराई और सांस्कृतिक विविधता देखने को मिली। मुख्य अतिथि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के डी.एस.डब्ल्यू. प्रो. राजीव रंजन ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राएं बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी।




## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान-सह-अस्पताल पूर्व चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

श्री अरविंद महिला कॉलेज, पटना की एनएसएस इकाई 1 एवं 2 के अंतर्गत आज 'सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान-सह-अस्पताल पूर्व चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम' का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कम्युनिटी ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से किया गया, जिसमें छात्राओं को सड़क सुरक्षा और प्राथमिक चिकित्सा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। कॉलेज की प्राचार्या, प्रो. साधना ठाकुर ने स्वागत भाषण में कहा सड़क सुरक्षा का ज्ञान केवल एक जानकारी नहीं, बल्कि एक जीवन रक्षा कौशल है जिसे हर व्यक्ति को सीखना चाहिए।'

प्रमुख वक्ता एवं प्रशिक्षक पटना यातायात पुलिस के डीएसपी 2, श्री अनिल कुमार ने सड़क सुरक्षा के नियमों, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व एवं यातायात नियमों के पालन पर विशेष ध्यान दिया।




## निःशुल्क रक्त जाँच शिविर का आयोजन

महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा रोटरी पटना मिडटाउन एवं सवेरा कैंसर हॉस्पिटल के सहयोग से एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक विशेष कार्यशाला एवं निशुल्क रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य T3: टेस्ट, ट्वीट और टॉक एनीमिया के तहत छात्राओं में एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसकी रोकथाम के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विमी सिंह द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डॉक्टर वी.पी. सिंह ने शरीर में रक्त निर्माण की प्रक्रिया एवं उसमें आवश्यक पोषक तत्वों की भूमिका पर व्याख्यान दिया। साथ ही उन्होंने रक्तदान के महत्व को रेखांकित करते हुए छात्राओं को रक्तदान के लिए भी प्रेरित किया।



## Awareness Seminar on Identifying Mantel illness around Us




An awareness session on Identifying Mental illness around us' was organized by Department of Psychology at Sri Arvind Mahila College on 17 May 2025. The session aimed to educate students on the causes, prevention and Impact of mental illness, emphasizing the importance of mental health around us.

## Rotary Patna Midtown

गृह विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना, इकाई-2 के संयुक्त तत्वाधान में कॉलेज की सभी छात्राओं को सूचित किया जाता है कि Rotary Patna Midtown द्वारा Sashakt Nari App के अंतर्गत एक वीडियो प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य महिलाओं को डिजिटल शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना है



## स्वास्थ्य, स्वच्छता और प्राथमिक उपचार पर कार्यशाला का आयोजन

श्रीअरविंद महिला कॉलेज, काजीपुर, पटना में "Health and Hygiene तथा First Aid" एवं CPR एवं विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम NSS इकाई 1 एवं 2, Innerwheel Club of Amrapali तथा Jainandan Vinoba Sadan के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

कार्यशाला का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर के मार्गदर्शन में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वास्थ्य, स्वच्छता और प्राथमिक उपचार की जानकारी के साथ जुड़े व्यावहारिक ज्ञान के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए अर्चना कुमारी ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं छात्राओं में जीवन रक्षक तकनीकों की समझ विकसित करती हैं, जो न केवल उनके लिए, बल्कि समाज के लिए भी उपयोगी है।

## विकसित भारत में उच्च शिक्षा की भूमिका विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

महाविद्यालय में आयोजित विकसित भारत में उच्च शिक्षा की भूमिका विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आज समापन समारोह संपन्न हुआ। इस संगोष्ठी का आयोजन अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के सहयोग से पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के इतिहास विभाग, अर्थशास्त्र विभाग एवं श्री अरविन्द महिला कॉलेज, पटना द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

समापन सत्र का शुभारंभ दर्शनशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री गोपाल कुमार द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण स्वागत-उद्बोधन से हुआ।

प्रो. संजय झा, विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा ने अपने संबोधन में कहा कि 'हम केवल आचार्य नहीं, आचरण करवाने वाले भी हैं' और यह कि स्वाध्याय ही आत्मबल का स्रोत है। उनका यह कथन विशेष रूप से प्रेरक रहा: 'शांति का मार्ग शक्ति से होकर जाता है, और शक्ति शिक्षा से आती है।' प्रो. अनिल दत्त मिश्रा (कोषाध्यक्ष, IIPA, दिल्ली) ने अपने वक्तव्य में भारतीय परंपरा के मूल्यों और आचरण के बीच की दूरी पर चिंता प्रकट की। डॉ. नीतु तिवारी, संगोष्ठी की आयोजन सचिव ने संपूर्ण संगोष्ठी की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

मुख्य अतिथि प्रो. के. सी. सिन्हा, पूर्व कुलपति, नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी ने अपने संबोधन में विकसित भारत की कल्पना को शक्ति और शिक्षा से जोड़ते हुए कहा कि 'बिना आत्मबल और ज्ञान परंपरा के, यह सपना अधूरा रहेगा।' उन्होंने भारतीयता की वैश्विक चेतना की ओर संकेत करते हुए कहा: 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को केवल भारत ही आत्मसात करता है।' प्रो. अजीत कुमार झा, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के उत्तर-पूर्व क्षेत्र के प्रमुख, ने समापन सत्र की अध्यक्षता की और अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि 'भारतीय ज्ञान परंपरा को केंद्र में रखे बिना शिक्षा की कोई भी योजना अधूरी है।' उन्होंने वर्तमान शैक्षिक संकट को मूल्यों के परित्याग से जोड़ते हुए उसके समाधान में भारतीय दृष्टिकोण को आवश्यक बताया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर महाविद्यालय में योग सत्र का आयोजन

महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्री अरविंद महिला कॉलेज, काजीपुर, पटना में एक योग सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज की एन.एस.एस. इकाई 1 एवं 2 तथा एन.सी.सी. के संयुक्त तत्वावधान में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने की। उन्होंने छात्राओं को योग के महत्व पर प्रेरणादायक संबोधन देते हुए योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया।

योग सत्र का संचालन डॉ. अजय कुमार सिंह, पी.जी. हेड, गणित विभाग, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना द्वारा किया गया।



